परिक्षेत्रीय कार्यालय बस्ती
उत्तर प्रदेश पुलिस

दिनांक
14-06-2025

प्रेस विज्ञप्ति

- **डीआईजी बस्ती द्वारा आरक्षी पद पर चयनित अभ्यर्थियों को किया गया ब्रीफ।**
- **रेंज से 943 पुरुष व 211 महिला अभ्यर्थी 25 बसो से नियुक्ति पत्र लेने जाएंगे लखनऊ।**
- **सकुशल लखनऊ पहुचाने हेतु संबंधित को दिये आवश्यक दिशा निर्देश ।**

आज दिनांक 14.06.2025 को श्री संजीव त्यागी, पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन बस्ती में आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर जनपद बस्ती से चयनित कुल 574 अभ्यर्थियों (491 पुरुष,83 महिलाएं) को ब्रीफ किया गया । जिन्हे कल दिनांक 15.06.2025 को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मा0 गृह मंत्री, भारत सरकार एवं मा0 मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। ब्रीफिंग में चयनित अभ्यर्थियों, उनके परिवहन हेतु निर्धारित बस चालकों, ड्यूटी पर नामित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों एवं अन्य सहयोगी स्टाफ को यात्रा व्यवस्था, सुरक्षा, अनुशासन तथा समयबद्ध संचालन से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश दिये गये । सभी चयनित अभ्यर्थियों को उनकी सफलता पर डीआईजी बस्ती द्वारा शुभकामनाएं दी गयी। चयनित अभ्यर्थियों को लेकर लखनऊ जा रही 12 बसे (10 पुरुषों के लिये, 02 महिलाओं के लिये) कल सुबह रवाना होंगी ।

जनपद बस्ती से 491 पुरुष व 83 महिला, जनपद सिद्धार्थनगर से 74 पुरुष 03 महिला, संत कबीरनगर से 378 पुरुष और 125 महिला अभ्यर्थी रेंज से कुल 943 पुरुष व 211 महिला अभ्यर्थी 25 बसो से नियुक्ति पत्र लेने लखनऊ जायेंगे।

सोशल मीडिया सेल
रेंज कार्यालय, बस्ती।